**Sixteenth Loksabha**

>

Title: Need to include 12 villages of Damoh Parliamentary Constituency under Prime Minister Awas Yojana.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह):** अध्यक्ष महोदया, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र के दमोह जिले की 19 ग्राम पंचायतों को सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं। हमारे 5 ब्लाक मुख्यालय की 19 पंचायतों के 32 गांवों के वर्ष 2011 की सैंसज से बाहर होने के कारण उन्हें उज्जवला एवं प्रधान मंत्री आवास योजना का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। एक हमारे यहां हाथीघाट पंचायत है, जहां पर कुल 10 प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास आए हैं। यह कहा जा रहा है कि जो अतिरिक्त आवास योजना है, उसके तहत ये आएंगे।

मैं आपके माध्यम से माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि उपरोक्त कारण से किसी भी योजना का लाभ इन पंचायतों और गांवों में नहीं मिल रहा है। इसलिए मैं समझता हूं कि इसके संशोधन की जरूरत है। ऐसा अनेक जगहों पर है और वह कहीं पर भी कुछ नहीं हो पा रहा है। मैं केन्द्र सरकार से प्रार्थना करता हूं कि वह उस पर जरूर ध्यान दे। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** कु. शोभा कारान्दलाजे, श्री लखनलाल साहू, श्री भैरों प्रसाद मिश्र तथा डा.के.सॉमल को श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।